# संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

E_Mail:- registrarsua@yahoo.co.in Phone:- 07774-222789, Fax:- 222791

क्रमांक–1458/परीक्षा/ई–03/2022 अम्बिकापुर, दिनांक, 10/10/2022

## अधिसूचना

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों के पूरक परीक्षा वर्ष 2022 की स्नातक कक्षाओं– बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (गृह विज्ञान)/बी.सी.ए./शास्त्री/डिप्लोमा इन फार्मेसी/बी.ए.–बी.एड./बी.बी.ए. भाग–एक, दो, तीन बी.पी.ई. भाग–एक,दो,तीन एवं चार के अंतर्गत ऐसे परीक्षार्थियों जिन्हें वार्षिक परीक्षा सत्र 2022 के परीक्षा परिणाम में पूरक की पात्रता हैं, उनकी पूरक परीक्षा 2022 का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड से निम्नानुसार निर्धारित समय–सारणी अनुसार आयोजित की जावेगी :–

| क्र | पाठ्यक्रम/विषय का नाम | परीक्षा तिथि का दिन/दिनांक | प्रश्नपत्र डाउनलोड करने का समय | उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (गृह विज्ञान)/बी.सी.ए./शास्त्री/ डिप्लोमा इन फार्मेसी/बी.ए.–बी.एड./ बी.बी.ए./बी.पी.ई. भाग–एक, दो, तीन एवं चार | 18.10.2022 मंगलवार | **11:00 AM** | 21.10.2022 |

### परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

1. परीक्षार्थी अपना प्रवेशपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.sggcg.in दिनांक 17.10.2022 से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।
2. प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.sggcg.in प्रातः 10:00 बजे से अपलोड की जावेगी। परीक्षार्थी अपने लॉगिन आईडी (Log in ID) से डाउनलोड कर प्रश्न पत्र प्राप्त कर सकते हैं। तथा महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र से भी सम्पर्क कर वांछित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
3. उत्तरपुस्तिका के लिए छात्र जिस महाविद्यालय से परीक्षा आवेदन फार्म भरे हैं उसी महाविद्यालय से सम्पर्क कर उत्तरपुस्तिका प्राप्त करेंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये उत्तरपुस्तिका का कव्हर पेज विश्वविद्यालय के बेबसाईट में उपलब्ध कराया गया है। परीक्षार्थी A-4 साईज के पेपर में कव्हर पेज चस्पा कर उत्तरपुस्तिका तैयार कर उपयोग कर सकते है।
4. परीक्षार्थियों को महाविद्यालय द्वारा मुख्य उत्तरपुस्तिका प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त उत्तरपुस्तिका की आवश्यकता होने पर अलग से उत्तरपुस्तिका नहीं दी जायेगी। परीक्षार्थी अलग से पेज जोड़ सकते हैं।
5. परीक्षार्थियों को महाविद्यालय से प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका प्राप्त करना होगा। परीक्षार्थी प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि में विश्वविद्यालय के वेबसाईट से अपने (Log in ID) से डाउनलोड कर प्राप्त करने के पश्चात् घर पर लिखकर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि में जमा करेंगे।
6. उत्तरपुस्तिका के प्रथम पेज पर निर्धारित कॉलम में परीक्षार्थी अपना रोल नम्बर, नामांकन क्रमांक सभी कॉलम सही–सही भरेंगे एवं स्पष्ट साफ अक्षरों में लिखेंगे तथा उत्तरपुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर रोल नम्बर, नामांकन क्रमांक, कक्षा/विषय प्रश्नपत्र एंव मोबाइल न. का उल्लेख अवश्य करेंगे।
7. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र वार उत्तरपुस्तिका में उत्तरलिखकर महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में एक बड़े लिफाफा में एक साथ सभी उत्तरपुस्तिका भरकर निर्धारित तिथि में सम्बधित महाविद्यालय में जमा करेंगे। लिफाफा के कव्हर पेज पर प्रवेशपत्र की एक प्रति चस्पा करेंगे तथा प्रवेशपत्र की दुसरी प्रति में महाविद्यालय से पावती लेकर अपने पास रखेंगे। परीक्षार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें उत्तरपुस्तिका प्रवेशपत्र में उल्लेखित परीक्षा केन्द्र में ही जमा करेंगे। अलग–अलग प्रश्नपत्र के उत्तरपुस्तिका के लिए अलग–अलग लिफाफा बनाने की आवश्यकता नही है।
8. परीक्षार्थी अपनी सुविधा के लिए उत्तरपुस्तिकाओं की छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रख सकते हैं।
9. उत्तरपुस्तिकायें हस्त लिखित मान्य होंगे। कम्प्यूटर द्वारा टाईप किये गए अथवा छायाप्रति वाले उत्तरपुस्तिकायें मान्य नहीं होंगे तथा उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर परीक्षार्थी को हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। अन्य छात्र के द्वारा लिखे गये उत्तरपुस्तिका जमा करने पर नकल प्रकरण माना जायेगा तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।
10. परीक्षार्थी यदि चाहें तो निर्धारित तिथि के पूर्व भी उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय में जमा कर सकते हैं।

11. ई–मेल से प्रेषित उत्तरपुस्तिकायें मान्य नहीं की जावेगी।

**महाविद्यालय के लिए सामान्य निर्देश :–**

1. पूरक परीक्षा 2022 हेतु महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य मातहत शिक्षक एवं कर्मचारियों के माध्यम से उत्तरपुस्तिका संबंधित परीक्षार्थियों को प्रदान करायेंगे तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि में उत्तरपुस्तिका का संग्रहण महाविद्यालय के शिक्षकों/कर्मचारियों के माध्यम से कराकर विश्वविद्यालय के वेबसाईडे www.sggcg.in में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि दिनांक 28.10.2022 तक अंक अपलोड किये जायेंगे।
2. परीक्षार्थियों द्वारा उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक जमा होगी उनके पश्चात् उत्तरपुस्तिका स्वीकार नहीं होगी।
3. महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों को प्रवेशपत्र देखकर उत्तरपुस्तिका प्रदान किया जावे तथा जमा किया जावे, ताकि अन्य महाविद्यालय के परीक्षार्थी गलती से उत्तरपुस्तिका जमा न कर सकें।
4. चूँकि पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या कम है इसलिये उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के पारिश्रमिक के अलावा अलग से पारिश्रमिक देय नहीं होगा।
5. जिन परीक्षार्थियों का प्रायोगिक विषय में पूरक की पात्रता है उनकी परीक्षा हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य को अधिकृत किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य निकटतम महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञ से प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराकर दिनांक 28.10.2022 तक प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपलोड करेंगे।
6. परीक्षार्थियों के उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के पारिश्रमिक का देयक विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायेंगे तदनुसार विश्वविद्यालय के द्वारा भुगतान किया जावेगा।

(माननीय कुलपति जी द्वारा अनुमोदित)

कुलसचिव

अम्बिकापुर, दिनांक, 10/10/2022

पृ. क्रमांक– 1459 /परीक्षा/ई–03/2022
प्रतिलिपि –

1. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर के सूचनार्थ।
2. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर।
3. विभागाध्यक्ष समस्त भौक्षणिक विभाग, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर।
4. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर की ओर छात्रों को अधिक से अधिक सूचित करने की कार्यवाही हेतु।
5. वित्त अधिकारी/उप/सहा. कुलसचिव/विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, वित्त/परीक्षा/गोपनीय/स्थापना/अकादमिक/भण्डार विभाग संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)।
6. जन सम्पर्क अधिकारी, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर।
7. सम्पादक/ब्यूरो चीफ समस्त समाचार पत्र की ओर इस निवेदन के साथ प्रेषित की वे उपरोक्त परीक्षा कार्यक्रम को छात्र हित में परीक्षार्थियों के सूचनार्थ अपनें लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित कर अनुग्रहित करें।
8. व्यवस्थापक, एम. आई. सी. एस.।
9. प्रभारी, कम्प्यूटर सेण्टर, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर, वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
10. विश्वविद्यालय सूचना–पटल।
11. कार्यालयीन नस्ती।

उप कुलसचिव (परीक्षा)